आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 23.08.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत, अंतरिक्ष क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।
- चमोली जिले के थराली में अतिवृष्टि से एक युवती की मृत्यु, एक व्यक्ति लापता। राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी।
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में श्रीअन्न को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।
- देहरादून शहर में स्वच्छता व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम, सभी वार्डों में बेसलाइन सर्वे करा रहा है।

**प्रधानमंत्री संदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

**थराली आपदा**

चमोली जिले के थराली में कल देर रात भारी बारिश के कारण थराली बाजार और आसपास के क्षेत्रों में आए मलबे के बीच राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, एसएसबी, आईटीबीपी की विभिन्न टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। इस हादसे में एक युवती का शव बरामद किया जा चुका है, जबकि चेपड़ो बाजार में एक अन्य लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है। 150 से अधिक प्रभावित लोगों को तहसील में ठहराया गया हैं, जहां उनके लिए भोजन, पानी, चिकित्सा के साथ ही अन्य मूलभूत जरूरतों की व्यवस्था की गई है। आज मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर थराली में संचालित राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए चमोली

के जिलाधिकारी संदीप तिवारी से अपडेट लिया। उन्होंने आपदा के बाद जल्द से जल्द थराली में स्थिति को सामान्य करने, राहत और बचाव कार्यों को तेजी से करने, स्थानीय लोगों तक मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव, विनोद कुमार सुमन भी आपाताकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और जिलाधिकारी से घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव दल युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत ऊधमसिंहनगर जिला विकास प्राधिकरण के निर्देशन में बनाए जा रहे एक हजार 872 आवासों में से 544 पूरे हो चुके हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के आवंटन के लिए अभी तक एक हजार 940 लोगों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें एक हजार 606 लोगों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित हो चुके हैं।

## श्री अन्न महोत्सव

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे श्री अन्न महोत्सव के आखिरी दिन आज ''विकसित राष्ट्र के लिए भारत में श्री अन्न की पुनः खोज'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कृषि वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और विशेषज्ञों के साथ मिलेट्स यानी श्री अन्न के महत्व और उनके माध्यम से पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा किसानों की समृद्धि पर चर्चा की। उन्होंने श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर तेलंगाना के मिलेट मैन के नाम से प्रसिद्ध वीर शेट्टी पाटिल ने लोगों को श्रीअन्न को एक व्यावसायिक अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कृषि परिवर्तन में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया।

## देहरादून नगर निगम

देहरादून शहर में स्वच्छता व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से देहरादून के सभी 100 वार्डों में बेसलाइन सर्वे कराया जा रहा है। इस कार्य को स्वयं सहायता समूहों को सौंपा गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खन्ना ने कहा इस सर्वे के अंतर्गत वार्ड के सभी घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को शामिल किया गया है।

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

बागेश्वर जिले में आगामी 13 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत ज़िला न्यायालय, बागेश्वर सहित अन्य न्यायालयों में भी एक साथ आयोजित की जाएगी। जिला जज और ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, पंकज तोमर ने बताया कि लोक अदालत में फ़ौजदारी के वाद, धन लेन–देन, श्रम व नियोजन सहित कई अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत, आम जनता के लिए त्वरित और किफायती न्याय का सशक्त माध्यम है, जहां आपसी समझौते के आधार पर विवादों का समाधान होता है।